अर्थव्यवस्थाओं में स्थिरता है जरूरी

मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, गुड़गांव ने टीचिंग लर्निंग सेंटर और इंडियन एकेडमी ऑफ मैनेजमेंट के सहयोग से अपने बहुप्रतीक्षित डॉक्टोरल और अर्ली कॅरिअर अकादमिक्स कोलोकीयम और कॉन्फ्रेंस का सफलतापूर्वक उद्घाटन किया। इस आयोजन का थीम 'उभरती अर्थव्यवस्थाओं में स्थिरता: प्रबंधन शिक्षा में व्यावसायिक उत्कृष्टता को एकीकृत करना' थी। इस कार्यक्रम ने देश भर के विद्वानों, शोधकर्ताओं और शिक्षकों को प्रबंधन शिक्षा में स्थिरता को शामिल करने के लिए नवीन दृष्टिकोण तलाशने के लिए आमंत्रित किया। इसमें प्रतिष्ठित संस्थानों/विश्वविद्यालयों जैसे आईआईटी, दिल्ली और रुड़की, आईआईएम, इंदौर और लखनऊ, यूनिवर्सिटी ऑफ ऑकलैंड, यूनिवर्सिटी ऑफ लीड्स (इंग्लैंड), बिट्स पिलानी (दुबई), स्काईलाइन यूनिवर्सिटी कॉलेज (शारजाह), यूनिवर्सिडाड डे लॉस एंडेस (कोलंबिया), डरहम यूनिवर्सिटी (इंग्लैंड), रेक्सहैम यूनिवर्सिटी (इंग्लैंड) एनर्जी (वर्नोवा) ने भाग लिया। इसमें कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। एमडीआई गुड़गांव के निदेशक प्रो अरविंद सहाय ने प्रभावशाली शोध के महत्व पर जोर दिया।